F.No.01-130/2020-Admin/RSKS/RKCD/Covid19/06B

# राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान (मा. वि.)

## श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर

### प्रशासन विभाग

### कार्यालय आदेश–01

दिनांक – 17.04.2020

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं उच्चतर शिक्षा विभाग, भारत सरकार एवं संस्थान मुख्यालय के निर्देशानुसार वैश्विक महामारी नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु ऑनलाइन माध्यम से शिक्षण व्यवस्था संचालन हेतु सभी विभागाध्यक्ष/प्राध्यपक अध्यापन के लिए ऑनलाइन पाठ्यक्रम का निर्माण करें। वर्तमान सत्र 2019–20 के अध्ययन क्रम में जितने पाठ्यक्रम का अध्यापन हो चुका है, उस पाठ्क्रम को छोड़कर अवशिष्ट पाठ्यक्रम जिसका इस अवधि (15 मार्च 2020 के बाद) में अध्ययन किया जाना था, उस पाठ्यक्रम का ऑनलाइन माध्यम से अध्यापन करवाएं। सभी विभागाध्यक्ष/प्राध्यपक सम्बन्धित अध्यापन पाठ्य सामग्री तैयार कर प्राचार्य महोदय के समक्ष अवलोकन हेतु (whatsapp, Facebook, Skype, E-mail etc.) के माध्यम से प्रस्तुत करें, जिससे छात्रहित को ध्यान में रखते हुए परिसर की वेबसाइट पर दिनांक 25.04.2020 तक अपलोड किया जा सके।

**उक्त कार्य संचालन हेतु उद्देश्यः–**

1. लॉकडाउन की स्थिति में छात्रों का अध्ययन, शिक्षण की गुणवत्ता प्रभावित न हों इस हेतु विचार विमर्श।
2. छात्रों एवं अध्यापकों का शैक्षणिक संपर्क यथाशीघ्र स्थापित करना एवं अध्यापन में आई बाधा को ऑनलाइन अध्यापन के माध्यम से दूर करना।
3. छात्रों का सतत् मूल्यांकन होता रहे इस हेतु एक बृहत् प्रशनावली तैयार करना जिसमें उनका समाधान भी साथ में सन्निहित हो, यह कार्य सम्बन्धित विषय विभागाध्यक्ष के निर्देशन में किया जाएगा।
4. अवशिष्ट (15 मार्च 2020 के बाद) पाठ्यक्रम के अनुसार इकाई विभाजन की दृष्टि से ऑनलाइन अध्यापन हेतु स्वाध्याय सामग्री का निर्माण करना।
5. स्वाध्याय सामग्री के निर्माण हेतु विडियो संस्थान की वेबसाइट Sanskrit.nic.in पर उपलब्ध है, जिससे सहयोग प्राप्त किया जा सकता है।
6. शिक्षण सामग्री (SLM-Self Learning Material) में लिखित सामग्री (PPT,PDF,Notes etc.) विडियो माड्यूल एवं प्रश्नावली प्राचार्य के अनुमोदन के लिए (srkcampus@gmail.com) पर भेजें। जांचने के उपरान्त परिसर की वेबसाइट अपलोड करना अनिवार्य होगा।
7. छात्रों की समस्याओं के समाधान हेतु प्रत्येक परिसरीय अध्यापक अपने विषय एवं कक्षा के छात्रों को निश्चित समय निर्धारित कर दूरभाष द्वारा या संचार की अन्य व्यवस्था जैसे (Whatsapp, Facebook, Skype, etc) संसाधनों के माध्यम से सुनिश्चित किया जा सकता है।

वर्तमान परिस्थिति, (Lockdown) को ध्यान में रखते हुए शिक्षा की गुणवत्ता एवं प्रभावशीलता बनाए रखने हेतु उक्त शिक्षण सामग्री निर्माण हेतु परिसर के सभी अध्यापकों की सहभागिता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करते हुए अपने व्यक्तिगत संसाधनों का उपयोग करेंगे, ऐसी अपेक्षा की जाती है।

ह0/–

**(प्रो. के. बी. सुब्बरायुडु)**

**प्राचार्य**

**प्रतिलिपिः–**

1. सभी विभागाध्यक्षों एवं प्राध्यपकों को सूचनार्थ।
2. छात्र अनुभाग, लेखा विभाग, प्रशासन विभाग।
3. परिसर वेबसाइट।
4. कार्यालय आदेश संचिका।